सड़कों पर पैंच रिपेयरिंग शुरू, सफाई, सुदृढ़ यातायात के लिए एक्शन में प्रशासन

नवभारत की खबर का हुआ असर, जागा नगर निगम

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। शहर की जर्जर सड़कों, सफाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही, सुस्त जलकर वसूली और यातायात में बाधक बन रहे अतिक्रमण को लेकर नवभारत समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से उठाई गई खबरों का बड़ा असर देखने को मिला है। खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत



में आए नगर निगम प्रशासन और जन प्रतिनिधियों ने गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों में उतरकर औचक निरीक्षण किया तथा लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर गाज गिराई। निगम अध्यक्ष मनोज तोमर, निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशों पर शहर को सुव्यवस्थित करने के लिए चौतरफा कार्रवाई की गई।

सुगम यातायात हेतु मदाखलत की बड़ी कार्रवाई, अवैध अतिक्रमण व ठेले हटाए : सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई क्षेत्र: मदाखलत नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के नेतृत्व में हजीरा चौराहा, फूलबाग चौपाटी तक यातायात बाधित कर रहे हाथ-ठेलों व अवैध गुमटियों को हटाया।

सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर वेतन कटौती और मूल पद पर भेजने के निर्देश

नगर निगम अध्यक्ष मनोज तोमर एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने वार्ड 55 सहित आमखो स्मार्ट सिटी रोड, कस्तूरबा चौराहा, गुड़ा रोड, जीवाजीगंज नाला और लक्ष्मीगंज मंडी का निरीक्षण किया। वार्ड 46 में डोर-टू-डोर कचरा वाहन को खुले में खाली करते पाए जाने पर चालक, हेल्पर व ठेला कर्मचारी का 3 दिन का वेतन, दरोगा का 1 सप्ताह का वेतन तथा संबंधित एएचओ के विरुद्ध भी 1 सप्ताह की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। जीवाजीगंज नाले में गंदगी और हाजिरी रजिस्टर में 35 कर्मचारी दर्ज होने के बाद भी स्पष्ट जानकारी न देने पर जोनल स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारियों को मूल पद पर भेजने के निर्देश दिए गए। लक्ष्मीगंज मंडी में लापरवाही पर वार्ड स्वास्थ्य अधिकारी को भी मूल पद पर भेजने के आदेश दिए गए ।याय के ठेले के पास कचरा मिलने पर 250 रुपये का ऑन-द-स्पॉट जुर्माना लगाया गया। आमखो स्मार्ट सिटी रोड पर जलभराव का स्थायी समाधान करने, चैंबर लेवल मिलाने, डिवाइडर पर पौधे लगाने और एसडीएम बंगले के सामने की क्षतिग्रस्त सड़क सुधारने के निर्देश दिए।

शहर की प्रमुख सड़कों पर पैंच रिपेयरिंग शुरू

नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए निगम का अमला लगातार सड़कों के गड्ढे भरने और पैंच रिपेयरिंग के काम में जुटा हुआ है। नोडल अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार, गुरुवार को स्टेट बैंक चौराहा (तानसेन नगर), मल्लगड़ा थाना, नया गैस गोदाम, गंगा माई मंदिर, मोन टेरेसा स्कूल, नदीपार टाल मछली मंडी मुरार, कुबेर आश्रम, थाटीपुर क्षेत्रीय कार्यालय-11, नाका चंद्रबदनी, आनंद नगर, बरा गांव और गोल पहाड़िया (अयोध्या नगरी) सहित दर्जनों स्थानों पर पैंच रिपेयरिंग का काम पूरा किया गया।

कम जलकर वसूली पर 4 उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देश पर दक्षिण विधानसभा में जलकर वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप वसूली न करने और नए नल कनेक्शन कराने में रुचि न लेने वाले उपयंत्रियों पर कार्रवाई की गई। कार्यपालन यंत्री प्रवीण दीक्षित ने उपयंत्री महेंद्र सूर्या (वार्ड 54 - मात्र 47 वसूली), उपयंत्री कपिल कुशवाहा (वार्ड 55), उपयंत्री सूर्य प्रताप सिंह (वार्ड 50 व 52) तथा उपयंत्री आनंद कुशवाहा (वार्ड 51) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गांधी प्राणी उद्यान : वन्य प्राणी सप्ताह आयोजित

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिले पुरस्कार



नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 08 अक्टूबर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित गांधी प्राणी उद्यान में वन्यजीवों के संरक्षण एवं उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया।

सप्ताह भर चले इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को वन्यजीवों के बारे में जागरूक करने और उनके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए चिड़ियाघर का संपूर्ण भ्रमण कराया गया। इसके अलावा, छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए चित्रकला, क्विज (प्रश्न मंच), निबंध, बर्ड वॉचिंग और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सप्ताह के समापन पर विजेताओं एवं प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, मुनिष सिकरवार, प्रभारी चिड़ियाघर डॉ. उपेन्द्र सिंह यादव, चिड़ियाघर क्यूरेटर श्री गौरव परिहार सहित कई गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता चित्रकला प्रतियोगिता में प्राइमरी स्कूल 1 से 5 के छात्र प्रथम माधव शर्मा, द्वितीय आयंष सिंह, तृतीय आरूष गुप्ता तथा प्रोत्साहन नविष्का गायकवाड को मिला। मिडिल 6 से 8 तक के छात्र प्रथम दृष्टि प्रजापति, द्वितीय ईशा प्रजापति एवं तृतीय इशिता गुप्ता रहीं तथा प्रोत्साहन पुरस्कार धनीराम कुशवाहा, दिव्या को दिया गया। हायर ग्रुप कक्षा 9 से 12 तक में प्रथम अक्षरा भीम वर्मा, द्वितीय राखी पाल, तृतीय अदिति गोखले रहीं तथा प्रोत्साहन पुरस्कार हार्दिक गौड को मिला। इसके साथ ही क्विज प्रतियोगिता में प्राइमरी स्कूल 1 से 5 तक छात्र जिसमें प्रथम आलोक कुशवाह, द्वितीय सुर्यांशी चौहान, जतिन एवं तृतीय भावना कुषवाह एवं आयुष रजक रहे। मिडिल में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र जिसमें प्रथम रूद्र प्रताप सिंह, द्वितीय कौशल बंसल, तृतीय इशिता गुप्ता रही तथा प्रोत्साहन अर्ष मोहम्मद को मिला। हायर ग्रुप कक्षा 9 से 12 तक के छात्र जिसमें प्रथम शिवांगी चौहान, द्वितीय महक कौरव, तृतीय अंश रजक को मिला एवं प्रोत्साहन निहाल किरार को दिया गया।

साथ ही निबंध प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 के छात्र जिसमें प्रथम समर बंसल, द्वितीय आयुष रजक, तृतीय कृष्ण पाल को मिला। हायर ग्रुप कक्षा 9 से 12 तक के छात्र जिसमें प्रथम अब्दुल अरबाब खान, द्वितीय आर्यन पाल, तृतीय अनंजय पाण्डे को मिला। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रथम अनायता खान, चिराग, द्वितीय मन्त्रिता शर्मा, तृतीय अनंज्य पाण्डे को मिला तथा प्रोत्साहन पल्लवी एवं नैना को दिया गया।

एक नजर में

कवि अंकित को मिलेगा श्रीधर पाठक प्रबंध अलंकरण सम्मान



ग्वालियर, 8 अक्टूबर। शहर के सुप्रसिद्ध कवि राम लखन शर्मा अंकित को अंतरराष्ट्रीय प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट, फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) द्वारा श्रीधर पाठक प्रबंध अलंकरण 2026 के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उनके महाकाव्य 'एकलव्य की शौर्य गाथा' के लिए दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा यह पुरस्कार कृष्ण शर्मा की स्मृति में स्थापित किया गया है। आगामी 21 फरवरी को फिरोजाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान समारोह में उन्हें यह अलंकरण सम्मान एवं 5100 रुपये नगद राशि प्रदान किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य जगत में हर्ष है। प्रेमचंद सृजनपीठ उज्जैन के पूर्व निदेशक जगदीश तोमर, भगवत साहित्य परिवार के अध्यक्ष अनंगपाल सिंह अनंग, कोषाध्यक्ष प्रतिपाल सिंह, संरक्षक राम मिश्रा, आशा पांडे, दीपेंद्र तोमर, किंकरपाल सिंह, आरती अक्षत, रमेश त्रिपाठी मछण्ड, अशोक मस्तराज और सरिता चौहान सहित अनेक रचनाकारों ने बधाई दी है।



नशा मुक्ति के लिए पोर्टेबल प्रदर्शनी का शुभारंभ

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने नशा मुक्ति जनजागरण के लिए पोर्टेबल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तैयार यह प्रदर्शनी सिंधी धर्मशाला में लगाई गई थी। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित मद्य निषेध सप्ताह और सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की ओर से केंद्र प्रमुख बीके आदर्श के निर्देशन में प्रदर्शनी लगाई गई। मंत्री कुशवाह ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जनजागरण समय की जरूरत है। पोर्टेबल होने से यह प्रदर्शनी आसानी से लोगों तक पहुंचेगी और उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगी। बीके प्रहलाद ने बताया कि प्रदर्शनी में चित्रों और डिजिटल माध्यम से नशे के दुष्परिणाम, उससे दूर रहने और छोड़ने के उपाय दर्शाए गए हैं। शॉर्ट वीडियो फिल्मों से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया जा रहा है। सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक शक्ति से नशामुक्त जीवन की प्रेरणा देना जरूरी है। कार्यक्रम में पार्षद अनिल सांखला, संयुक्त संचालक शिवांगी अग्रवाल, बीके ज्योति, बीके प्रहलाद, बीके राजेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जीआरएमसी में मेडिकल टीचर्स एसो. चुनाव की सरगर्मी तेज

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। गजराराजा मेडिकल कॉलेज में टीचर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। 21 अक्टूबर को प्रस्तावित चुनाव के लिए वरिष्ठ चिकित्सक शिक्षकों ने अंदरखाने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किसी भी दावेदार ने खुलकर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान नहीं किया है, लेकिन पर्दे के पीछे संपर्क और समर्थन जुटाने का दौर जारी है। वरिष्ठ डॉक्टर अपने करीबी संपर्क सूत्रों के माध्यम से अन्य चिकित्सकों से संवाद कर रहे हैं। एसोसिएशन के चुनाव में कुल 24 पदों के लिए पदाधिकारी चुने जाएंगे। इसमें एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, एक सचिव, तीन सहायक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक ऑडिटर और 14 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू होगी। नामांकन पत्र भरने के बाद 15 अक्टूबर तक नाम वापसी का अवसर दिया जाएगा। यदि एक ही पद पर एक से अधिक दावेदार होंगे तो 21 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद उसी दिन मतगणना कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

सिंधिया परिवार विवाद : तीन बुआओं पर बड़ा हिस्सा 'हड़पने' का आरोप, प्रतिमा राजे ने पारिवारिक समझौते को दी चुनौती

सुनील गोयल

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। ग्वालियर जिला न्यायालय के समक्ष चल रहे सिविल सूट संख्या 27ए/2010 से जुड़े मामले में एक नया और बड़ा मोड़ सामने आया है। स्व. महारानी पद्माराजे की पुत्री सुश्री प्रतिमा राणा ने 25 जून 2026 को तैयार किए गए कथित मौखिक पारिवारिक समझौते 'मेमोरेंडम ऑफ ओरल फैमिली सेटलमेंट' की वैधता, रिकॉर्डिंग और उस पर आगे की कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट में एक औपचारिक आपत्ति अर्जी दाखिल की है। यह अर्जी दीवानी प्रक्रिया संहिता की ऑर्डर 23 नियम 3 और धारा 151 के तहत मुंबई में सत्यापित कराकर पेश की गई है।

अर्जी में यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि समझौते पर हस्ताक्षर दबाव, गलत बयानी



और धोखाधड़ी के जरिए कराए गए थे। प्रतिमा राणा का कहना है कि उन्हें नेपाल से नई दिल्ली के ताज मानसिंह होटल में बुलाया गया था, जहां उनकी बुआ और पारिवारिक समझौते की समन्वयक उषा राजे सिंधिया द्वारा उन्हें बिना कोई प्रति दिए और बिना दस्तावेज की सामग्री पढ़ने की अनुमति दिए बिना ही हस्ताक्षर कराने के लिए विवश किया गया। उन्होंने यह भी शिकायत की कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उन्हें इस समझौते की कोई भी प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है।

इस विवाद का एक अन्य मुख्य कानूनी बिंदु पावर ऑफ अटॉर्नी का निरस्तीकरण है। प्रतिमा राणा की ओर से कहा गया है कि उन्होंने अपनी पुत्री सुश्री शिवांगिनी राणा और नातिन सुश्री एकिशा राणा करकी की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए 21 जून 2026 को जो पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी, उसे 24 जून 2026 को ही यानि समझौते पर हस्ताक्षर होने से ठीक एक दिन पहले कानूनी रूप से रद्द कर दिया था।

ऐसी स्थिति में, 25 जून को हस्ताक्षर के वक्त उनके पास अन्य सदस्यों की तरफ से दस्तखत करने का कोई कानूनी अधिकार या शक्ति नहीं बची थी, जिसके चलते यह समझौता कानूनी रूप से शून्य माना जाना चाहिए।

अर्जी में न्यायालय से यह विशेष प्रार्थना की गई है कि इस कथित समझौते के आधार पर किसी भी प्रकार की रजामंदी या डिक्री पारित न की जाए। प्रतिमा राणा ने मांग की है कि अदालत इस समझौते के अस्तित्व, अधिकार और वैधता से जुड़े विवाद को मुख्य कार्यवाही से पहले एक प्रारंभिक मुद्दे के रूप में सुने और तय करे। साथ ही, नातिन के हितों की सुरक्षा के लिए किसी स्वतंत्र अभिभावक (गार्जियन एड लिटम) की नियुक्ति न किए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने सिंधिया परिवार से जुड़े इस पुराने संपत्ति और पारिवारिक विवाद को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

संस्कार बनाते हैं श्रेष्ठ नागरिक : तोमर

हनुमान गाथा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु, 14 लोगों को मिला समरसता सम्मान



ग्वालियर, 8 अक्टूबर। हमारी वास्तविक राष्ट्रशक्ति हमारी एकता, विविधता और सामाजिक समरसता में निहित है। शिक्षा व्यक्ति को योग्य बनाती है, लेकिन संस्कार उसे श्रेष्ठ बनाते हैं। जब ज्ञान के साथ संवेदना जुड़ती है, तो विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता हैं। विद्यार्थी शिक्षक के आदेश का पालन करें, यह भी धर्म है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में शिक्षा, संस्कार और समरसता: राष्ट्र की शक्ति विषय पर आयोजित व्याख्यान एवं श्री हनुमान गाथा में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेयू के कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि मप्र प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार आचार्य, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक और स्थायी कर्मी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा थे। इस अवसर पर अतिथियों के साथ कार्यक्रम संयोजक यतेंद्र शर्मा, पं. अंकित शर्मा, वेदाचार्य डॉ. हरीश चंद्र भार्गव, कार्यपरिषद सदस्य भानुप्रताप सिंह चौहान, प्रदीप शर्मा, पूर्व कुलसचिव डॉ. डीएस चंदेल, निदेशक महाविद्यालयीन विकास परिषद प्रो. शांतिदेव सिसोदिया, प्रॉक्टर प्रो. एसके सिंह, संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय प्रो. राजेंद्र कुमार खटीक, विभागाध्यक्ष विधि संस्थान प्रो. गणेश दुबे, परीक्षा विभाग डॉ. आशा वर्मा, प्रो. कृष्णा सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना, उप निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. ज्योति गुर्जर, प्रभारी सहायक कुलसचिव डीके वर्मा एवं मुख्य सुरक्षा प्रहरी राजवीर सिंह सेंगर को समरसता सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्णा सिंह ने किया। आभार कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार मिश्रा ने व्यक्त किया।

40 की उम्र में हुआ दुर्लभ मोयामोया रोग का खुलासा

10 साल की उम्र से बार-बार कमजोरी



ग्वालियर, 8 अक्टूबर। शिवपुरी निवासी 40 वर्षीय अमित तीन दशक से एक रहस्यमय न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जूझ रहे थे। 10 साल की उम्र में पहली बार उन्हें अचानक दाहिने हिस्से में कमजोरी हुई। 11 साल की उम्र में दोबारा यही समस्या लौटी। हाल ही में अचानक बेहोश होने पर परिजन उन्हें जेएएच न्यूरोलॉजी अस्पताल, ग्वालियर लेकर आए।

यहां विस्तृत न्यूरोलॉजिकल जांच और इमेजिंग के बाद डॉक्टरों ने दुर्लभ बीमारी मोयामोया डिजीज की पहचान की। यह मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं से जुड़ा विकार है, जिसमें मस्तिष्क को रक्त पहुंचाने वाली प्रमुख धमनियां धीरे-धीरे सिकुड़ जाती हैं। इससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और बार-बार स्ट्रोक, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी या बेहोशी जैसे लक्षण सामने आते हैं। अस्पताल पहुंचने पर मरीज की हालत गंभीर थी। जीवन रक्षा के लिए उन्हें वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। विशेषज्ञ टीम की निगरानी में उपचार के बाद वेंटिलेटर हटाने में सफलता मिली। चिकित्सकों ने सर्जरी का परामर्श दिया, लेकिन परिजनों की असहमति के बाद दवाओं के जरिये ही उपचार जारी रखा गया। मरीज का इलाज न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. दिनेश उदैनिया, अरविंद गुप्ता और सौरभ सिंह राजपूत की देखरेख में किया गया। लगातार निगरानी और उपचार से मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अब हालत स्थिर बताई जा रही है। परिजनों ने अस्पताल की चिकित्सा सुविधा, देखभाल और स्टाफ के व्यवहार पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि उपचार के दौरान उन्हें समय-समय पर पूरी जानकारी और मार्गदर्शन मिलता रहा।

ताला तोड़कर जेवर और गैस सिलेंडर पार

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। झांसी रोड थाना क्षेत्र के रामनगर विक्की फैक्ट्री इलाके में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। मकान दो दिन से बंद था। बुधवार सुबह पड़ोसन की सूचना पर घटना का खुलासा हुआ।

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामनगर निवासी हेमा चौरसिया ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पति अभिषेक चौरसिया की तबीयत खराब होने के कारण परिवार पिछले दो दिन से रामनगर वाले घर में नहीं रह रहा था। परिवार बजरंग नगर में किराए के कमरे में शिफ्ट हो गया था। सुबह करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाली राना पारदी ने फोन कर सूचना दी कि घर का गेट खुला पड़ा है। सूचना मिलते ही हेमा पति के साथ मौके पर पहुंची। वहां मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता के अनुसार चोर गोदरेज की अलमारी में रखे जेवर ले गए।

कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई : 19 पटवारी निलंबित



ग्वालियर, 8 अक्टूबर। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला प्रशासन ने लापरवाही बरतने वाले 19 पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व ई-केवाईसी में धीमी प्रगति, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के लंबित रहने, न्यायालयीन प्रकरणों में देरी और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के चलते यह कार्रवाई की गई है।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं एवं आमजन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निलंबित पटवारियों की सूची और विस्तृत आदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

सैनिकों के शौर्य से गूंजा वीरगाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह

ग्वालियर, 8 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प पखवाड़े के तहत गुरुवार को वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग प्रभारी निशांत खरे और जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने की।

जिलाध्यक्ष राजोरिया ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों का त्याग और समर्पण हर नागरिक के लिए प्रेरणा है। सैनिकों के शौर्य को जन-जन तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। संभाग प्रभारी निशांत खरे ने भारतीय सैनिकों के शौर्य पर प्रकाश डालते हुए अरुणाचल प्रदेश के नौरंग पास की वीरगाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि सेना के पहुंचने से पहले वहां एक ब्रिगेडियर और गांव की दो बेटियों सहित तीन योद्धाओं ने मोर्चा संभाला था। तीनों ने विपरीत परिस्थितियों में दुश्मन का



मुकाबला किया। उन्होंने अक्साई चीन के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निर्णय और संसद में हुई आलोचना का भी जिक्र किया।

मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सैनिकों के सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

दीपावली पर सैनिकों के बीच पहुंचकर त्योहार मनाना सैनिकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। समाज में सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत होनी चाहिए। कार्यक्रम में सांसद भारत सिंह कुशवाह, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, रामबरन सिंह गुर्जर, साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक जादौन, जीडीए अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, सुमन शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, सभापति मनोज तोमर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने किया और आभार महामंत्री जवाहर प्रजापति ने माना।


'मानव रंगोली' का आज आयोजन

ग्वालियर 08 अक्टूबर। सेवा-संकल्प अभियान के तहत 'मानव रंगोली' का आयोजन ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर किया जायेगा। 09 अक्टूबर को शाम 5 बजे मानव रंगोली बनाई जायेगी। जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर मानव रंगोली के आयोजन की सभी तैयारियां महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं खेलकूद विभाग के माध्यम से की गई है। मानव रंगोली के आयोजन में जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती उपासना राय ने बताया कि मानव रंगोली के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण किया जायेगा।

सैंतीसवीं पुण्यतिथि

आतंकवाद का विनाश हो !
भ्रष्टाचार का अंत हो !!

निषेध दिवस



परम पूज्य
स्व. श्री सुरेश नरसिंह दुबे
जन्म : 15-08-1956 • मृत्यु : 9-10-1989

जयप्रकाश नरसिंह दुबे एवं परिवार
09822404010/09637477417
09822193213/09503737575

कार्यालय : दुबे इस्टेट, नालासोपारा (पू.)
निवास : जयओम भवन, शिवसृष्टि कॉम्प्लेक्स, मेडिकल कॉलेज रोड, आचोले, नालासोपारा (पू.), ता. वसई, जि. पालघर - 401209

कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक-/क्यू/3/मा.रा./खनिज/2026-27/3476 — ग्वालियर, दिनांक-25/09/2026

सूचना-पत्र
(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया गया है कि आवेदिका श्रीमती निशा मिश्रा निवासी- ग्राम बडका गांव तहसील घाटीगांव जिला ग्वालियर म.प्र. द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन नवीनीकरण आवेदन पत्र दिनांक-17/09/2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा हैक्टेयर में	भूमि का प्रकार	खनिज का नाम	रिमार्क
ग्वालियर	घाटीगांव	बडका गांव	448	2.000	शासकीय भूमि	गिट्टी, बोल्डर	---

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्रों में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारिख से '30 दिवस' के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला ग्वालियर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा
जिला ग्वालियर

G-19664/26

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उद्यम — SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल सांई बाबा कॉम्प्लेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समय अवधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था ऋणी निर्धारित समय सीमा में ऋण का भुगतान करने में असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एवं सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणग्रहीता को विशिष्टयता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए केनरा बैंक की संबंधित शाखा के अधीन होगा। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

ऋणी एवं संपत्ति मालिक/जमानतदार का नाम	नोटिस के अनुसार राशि	बंधक रखी संपत्ति का विवरण
शाखा : केनरा बैंक, गोले का मंदिर, Mob.: 94251-17351, Email: cb2897@canarabank.com		
उधारकर्ता : 1. श्री फरीद खान पिता श्री रफीक खान पता : बेसमेंट शॉप नंबर 23, रजनीगंधा कॉम्प्लेक्स ग्वालियर, (म.प्र.) - 474005 2. श्रीमती आसमा खान पत्नी श्री फरीद खान पता : लेदर फैक्ट्री कॉलोनी मुरार, ग्वालियर, (म.प्र.) - 474005	₹ 11,03,488.22/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे-वसूली मांग नोटिस दिनांक 29-06-2026 कब्जा दिनांक 07-10-2026 सांकेतिक कब्जा	संपत्ति के मालिक - श्री फरीद खान पिता श्री रफीक खान और श्रीमती आसमा खान पत्नी श्री फरीद खान - डायवर्टेड जमीन के मालिक, यह जमीन प्लॉट नंबर 19, गजानन एन्क्लेव, गाँव लखमीपुर, ग्वालियर (पटवारी हल्का नंबर 94, वोर्ड नंबर 18) में स्थित है। संपत्ति का सर्वे नंबर 149/1, 150, 152, 153, 154, 156/2 है, क्षेत्रफल : 600 वर्ग फुट, CERSAI No. : 200097235987; सिक्योरिटी इंटरेस्ट आई.डी. 400029458010, चतुर-सीमाएँ : पूर्व - दूसरों की खुली जमीन, उत्तर - दूसरों की खुली जमीन, पश्चिम - प्लॉट नंबर 20, दक्षिण - सड़क।

स्थान : ग्वालियर — दिनांक : 08/10/2026 — प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक